Title: Need to take steps to remove water pollution in underground water at Churu in Rajasthan and to have permanent solution to drinking water problem.

श्री नरेन्द्र बुडानिया (चूरू) : सभापति जी, राजस्थान के मेरे लोक सभा क्षेत्र चूरू की तहसील लाडनूं में उपलब्ध भू-गर्भीय जल आसपास के करीब ८० गांवों में पीने के पानी की आपूर्ति करता है जिसमें सुजानगढ़, लाडनूं, छापर, चाड़वास, जसवन्तगढ़ निम्बी जैसे शहर भी आते हैं और वे इसी पानी पर निर्भर करते हैं। यहां के पानी के रासायनिक परीक्षणों से पता चला है कि इस पानी में घुलनशीलता तथा अघुलनशील कतिपय लवणों तथा अन्य यौगिकों, जैसे फ्लोराइड, सल्फेट तथा नाईट्रेट की मात्रा निरापद सीमा से बाहर जा रही है तथा कुछ लवण या यौगिक ऐसे भी हैं जिनका अभी तक विश्लेषण भी नहीं हो पाया है। इसके कारण पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में हड्डियों की विकृतियां, जोड़ो का दर्द, गठिया, आंत्र रोग तथा शरीर के विभिन्न अंगो में अनेक प्रकार की पथरियां होने के कारण हर जगह बीमारियां असामान्य रूप से बढ़ी हैं तथा हृदयघात जैसी बीमारियां भी बढ रही हैं।

मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि इस क्षेत्र के पानी की सघन रासायनिक जांच कराकर इस समस्या के निराकण का सन्तोषजनक व स्थाई समाधान किया जाए ताकि मेरे क्षेत्र के लोग दूषित पानी को पीने के कारण बीमार न हों और उन्हें शुद्ध पेय जल उपलब्ध हो सके।